Second stage expansion of the plant has been recently considered and accordingly 1,750 crores of rupees have been allocated for modernization of the plant. On 5th June, 2008, Dr. Manmohan Singh, Prime Minister of India and Shrimati Sonia Gandhi, the UPA chairperson inaugurated this modernization plant. It has to be observed that only after forty years of its establishment, steps have been taken to modernize the Salem Steel one. Still, the plant is not a full-fledged plant. Three thousand seven hundred fifty three acres of land had been acquired when Salem Steel Plant was established. More than one thousand eight hundred farmers had been displaced. But they have not yet been given any employment.

This steel plant is used for manufacturing stainless steel, minting coins and polishing iron plates to manufacture household utensils. When Salem Steel plant is converted into a full-fledged plant, only then could the demands of India be fulfilled. Though this project was established forty years ago, the main objective behind its establishment is not yet fulfilled.

Whenever a new mining activity is undertaken, wherever a new resource is explored, the inhabitants have to face many difficulties during land acquisition. Therefore, during such exploration

of mining resources and mining activity, people should be paid proper compensation. They could be given a share of the profit. If faith is instilled in their heart that they would also be benefited by the project, they would not approach courts for their rights. At least fifteen percent of the profit has to be given to the landowners. Only then will they agree for land acquisition without any opposition.

Sir, I would like to say a few words about Namakkal district of Tamil Nadu. Geological Survey of India had conducted a survey in twenty three villages of Paramatti Taluk of Namakkal district in Tamil Nadu. It covers an area of three thousand acres of land. When they drilled bore wells at fourteen places of the above said twenty three villages, they discovered Platinum, the costliest metal. Many layers of platinum ores are found at thirty metres depth in these villages. We should make some more efforts to find more minerals. ...*(Interruptions)*...

PROF. P.J. KURIEN (Kerala): ...*(Interruptions)*...

DR. K.P. RAMALINGAM: Sir, many layers of Platinum are found in Namakkal district of Tamil Nadu. Similarly, at Sivaganga district of Tamil Nadu, mineral resources of carbide are found. Six to seven private sector companies are acquiring those resources now. The Government should take steps to acquire those resources by establishing many Government owned organizations. Not only in Tamil Nadu, but also in other states, mineral resources are abundant. It is appropriate that mining activity should be allocated to Government organizations only. If mining activity is given to private companies, proper care has to be taken. One hundred to thousands acres of land has to be acquired for a mining project. If such a large area is allotted to private companies, many problems arise due to encroachment of neighbouring villages and forest areas. Therefore, I would like to emphasize that the Government's participation in mining should be expanded. Law alone is not enough. If all the mineral resources of India are explored, I am sure that India will become the only superpower in the world.

3.00 P.M.

Sir, I request the Government that two lakh crores of rupees may be allocated for the Department of Mines and Minerals every year to explore all mineral resources present in various states of India. It that is done, India will become a superpower. Once again, I would like to submit that I welcome this Bill.

Whatever initiative is taken by the Government, it would be usually opposed by my colleagues in the opposition parties. I request them not to oppose this bill and also request them to support this bill like me. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TARIQ ANWAR): Dr. Ramalingam, please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA: Sir, on that day, he sought only clarifications. ...*(Interruptions)*...

PROF. P.J. KURIEN (Kerala): Sir, on that say, I was in the Chair. I am saying this only for information. At that time, the Calling Attention Motion was being discussed. So, I myself gave a ruling that on a Calling Attention that rule prevails. Therefore, you could speak only for five minutes. So, that cannot be treated as a maiden speech. This should be the maiden speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TARIQ ANWAR): Okay. Please continue.

DR. K.P. RAMALINGAM: *

SHRI PYARIMOHAN MOHAPATRA (Orissa): Thank you, Sir. I was listening to my friend, Mr. Rudy. He talks about selling of licences, selling of coal blocks, etc. Shri Sen says that the Centre is trying to take away the wealth of the State Governments. One feels sad. All my friends sitting there – I do not see Ms. Mabel now – from Orissa, Chhattisgarh, Jharkhand, Madhya Pradesh, in poorer State and in Bihar coal is abundantly available besides other minerals. Mr. Handique is there. Why is

---

*Spoke in Tamil

a policy being adopted to impoverish the States and enrich the mine owners? In the case of public sector company, Coal India, whose role was being lauded by A. Tapanbabu from the CPM, I do not consider Coal India as sacrosanct because incompetence, inefficiency and corruption in Coal India are of tremendous proportions. We cannot just hold is up as a Navratna or Maharatna public sector, to argue that privatization by itself is bad. But the way huge number of coal blocks have been given and the way and the manner in which these people have been able to access all those blocks, all this leaves a bitter taste in the mouth. I wish the Government looks at giving us back a part of the wealth. Consistently it has refused to increase royalty on coal on a sound basis. When in a State like Rajasthan or Gujarat or Andhra Pradesh oil is discovered, the Government knows pretty well that it is going to get 20 percent advalorem royalty. We are given a piddling amount. Mr. Handique also never bothered about the boom in the price of iron ore. When the boom was there, the royalty remained at Rs.5000 to Rs.7000 per tonne on iron ore, the States were getting royalty between Rs.4 and Rs.27 per tonne for the best possible ore, which is a price of 0.4 percent, at the most. They never thought of anything except imposing an Export Duty to mop up some of the huge profits of the mine owners. Sir, 30 percent was the royalty that five States' Chief Ministers came and demanded repeatedly, knocked a the doors of the Centre but got absolutely nothing. Meanwhile, the mine owners repared lakhs of crores. Had we got even 20 percent, Orissa would have got Rs.50,000 crores, Jharkhand would have got another Rs.30,000 crores, Chhattisgarh would have got around Rs.25,000 to Rs.30,000 crores and the same would have been the case with Bihar, Bengal, etc. Why did you deny all this? Why did you enrich them? What are your motives? After seeing that people did not vote for you, you realized the importance and imposed a 10 percent ad valorem. To little to late.

Why can't you make it 30 percent? Why Can't you make it 30 percent on coal? You will say, 'Oh! no, the power tariff will increase.' Tariff increases it tomorrow you use gas. Tariff is not uniform throughout the country. Tariff increases even if you take coal from Orissa and give it to Maha-Guj,

(Maharashtra-Gujarat), the two corporations along with Adani to produce power in Maharashtra and Gujarat. But you deny. You deny us the opportunity, then, talk of tax, wind fall tax. The Minister of Mines has been talking about wind fall tax to be taken away by the Centre. Who is going to take this bid money? Nothing is there in the bill. Shri Tapan Sen perhaps was right when he thought that you wanted to take up some wealth out of this. This is the greed. If you wanted to do it, why did't you follow up this NELP principle, NELP 1, NELP 2, NELP 3, NELP 3, NELP 4 etc. The bidding has been going on for oil blocks, hydrocarbon blocks. You could have done the same and between the Centre and the State the proceeds would have been shared, though I am not a votary of sharing that with the Centre but something would have been worked out. Please increase royalty. Least you can do it is at 20 percent ad valorem. If you don't do it, maybe a stage will come pretty soon when people in thee States will not allow a single ton of coal to go out. Please mark my words, to a question of mine: "Are there any parameters which you have decided on how to bid?", the reply given was: No parameters. You have allotted to PSUs 34 blocks. For some States you have given more proportionately and some States you have given less. In case of Orissa it has been less. But the basic issue is, are you going to take away the huge profits or are you going to allow the States to get the money or fight over it? Please try to amend this. Why do you want to give to the companies engaged in washing of coal, i.e. to coal washeries? What is the value addition that they do? This is not for, as far as power is concerned, as far as steel is concerned, not iron and steel or any other metal. It is fine but not for coal washeries which is just at the intermediary stage and not for such other end use as the Central Government may by notification prescribe. Why do you keep this with yourself. May I suggest to the Minister to have a total re-look at this? Please remove these two clauses. You can go ahead with you bidding. Whole money be given to the States and royalty be increased to 20 percent ad valorem. This is the least you can do and, then, we can support this Bill.

SHRI M.V. MYSURA REDDY (Andhra Pradesh): Sir, I support the attitude of the Government in bringing this legislation which aims for selection process for auction/ bidding for the allocation of coal. But, the action of the Government is like willing to wound, but afraid to strike. By introducing

provisos (a) and (b) to Section 11A, it has watered-down the letter and spirit of this Amendment Bill.

Regarding Proviso (a), my colleague, Mr. Rudy, dealt it extensively. So, I don't want to repeat it. But, during these days, the Government corporations are forming joint ventures with private partners in the name of equity, investment, technology, etc. So, this will lead to backdoor entry of private people to get coal blocks without participating in competitive bidding process. It breeds corruption, nepotism and also favoritism. That is why I am requesting the hon. Minister, through you, to bring an official amendment to delete proviso (a) as well, so that there will be some sanctity, because now the Government has woken up and decided to allot blocks through competitive bidding. Through this method, people will get something out of the coal blocks.

The second is regarding proviso (b). Under this, the Ultra Mega Power Projects are excluded. Sir, the UMPP have already been allotted, in the name of captive power generation, 3.7 billion tones reserves of coal blocks.

I wish to quote a reply given to a query raised in the Committee on Subordinate Legislation. It says, 'Imported coal-based thermal power stations, particularly at coastal locations would be encouraged based on their economic viability.' With regard to UMPP, it mentioned about the shelf of imported coal-based projects and likely benefits during the Twelfth Plan. They are: Ultra Mega Mundra Unit 3, 4 and 5, Gujarat, Ultra Mega Krishnapatnam, A.P., Ultra Mega T.N., Essar Power Salia, Gujarat. Already they garnered 3.7 billion tones.

In the same way, there is also a list of imported coal-based projects for likely benefits during the Eleventh Plan. They are: Sikka Ext., Adani Power Pvt., Ltd., Mundra, Trombay TPS, JSW Energy, Ratnagiri, Torangallu U1, U2, Lanco Nagarjuna, Adani Power Pvt. Ltd., Mundra, Ultra Mega Mundra U1, 2. All these plants have already got their coal blocks in the name of captive generation.

Now, your are making a provision exempting the UMPPP. And, I want to bring it to the notice of the hon. Minister a query raised by power sector in the Standing Committee. It says, '...power sector, therefore, cannot pay a higher price that the steel and the cement sector can afford to...Viewed in this context, competitive bidding would lead to a sectoral imbalance.' This is the query from the power sector. The Government reply says and I quote, 'For efficient allocation of resources, inter se priority has to be decided not on subjective considerations but on objective parameters.' If it is so, why this Amendment Bill has been brought? When the Government itself has given such reply to a query by power sector, there is no need of giving any priority or exemption. Why should the UMPP get the benefit? The same UMPP got the coal blocks with reserves of 3.7 billion tones. The unit cost of UMPP is also not cost-effective. They are taking into account on the basis of coal imported to calculate the cost of a unit. Also, if you look into already allocated blocks, as my friend mentioned, as per my information, it is not 130. It is only after 2005, when the UPA-II Government formed, 168 coal blocks were allotted to private companies – either individuals or companies.

About 50 blocks were allotted to individuals and 180 blocks were allotted to joint ventures, in the name of sponge iron or steel or cement or private power projects. One thing I want to bring to the notice of the hon. Minister is, Jindal was allotted coal blocks which have the reserves of 3,300 million tonnes whereas he required just about 22 million tonnes per annum. What is the rationale in allotting those coal blocks when he required just 22 million tones. This was for iron, power and steel projects. About 3,300 millions tonnes of reserves were allocated to this company alone. This is people's wealth. If it goes to only one individual or one corporate sector, if the entire wealth is acquired by one individual, it will not be a right thing in a democratic society. Another glaring example is this. So many things are there, Sir, I am having a list with me. Many coal blocks were allotted to private people, public sector people in the name of sponge iron and also in the name of steel, power. In 2005, Jaiswal Naco Limited was allotted in North Karanpura in Jharkhand 215 million tonnes of coal blocks whereas he required only 1 million tonnes per annum. It was allotted for sponge iron ore projects.

As far as Andhra Pradesh is concerned, the rich people, want to grab wherever they find wealth. When it comes to Navbharat and Lanco, these people got 112 million tonnes. But I do not think these companies have even started capital generation. ...*(Interruptions)*... So, the Minister has to take cognizance of this.

Then, one GVK was allotted 69 million tones of reserves for power generation. They wanted to start one gas-based power station, but I do not know whether these people are having any thermal power project or not. Till now, that has not started.

Sir, squandering of coal wealth to all these people is not advisable. What I want to suggest to the hon. Minister is that the licences/ allocations of those private people who got allotment of coal blocks but have not yet started exploration be deallocated immediately. Also, some inquiry in the matter should be instituted. It is a big scandal. It has happened from 2005 to 2010. Some inquiry by the CBI should be instituted. When this Bill is passed, when the coal blocks re auctioned, the amount that will be collected, based on that amount just like TRAI has given a proposal in 3-G spectrum case, whatever rates apply to 3-G should be applicable to 2-G spectrum something should be collected from the old blocks also either in the form of tax or something else. So, something should be collected from the old blocks also. It is nation's wealth, it is people's wealth. We are the custodians of the people's wealth. We cannot squander the people's wealth at our whims and fancies. With this, I am concluding. I am supporting the Bill, but I am opposing the provisions (a) and (b) to clause 11A.

उपसभाध्यक्ष (श्री तारिक अनवर) : श्री श्रीगोपाल व्यास।

श्री प्रकाश जावडेकर (महाराष्ट्र) : सर, कुछ बोलना है।

उपसभाध्यक्ष (श्री तारिक अनवर) : वह तो बाद में बोलेंगे।

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, अमेंडमेंट है, अभी बोल सकता हूं या बाद में बोल सकता हूं?

उपसभाध्यक्ष (श्री तारिक अनवर) : बोल दीजिए।

श्री प्रकाश जावडेकर : उपसभाध्यक्ष जी, बहुत सारे सदस्यों ने कोयला खदान के बारे में सब कुछ कहा है, लेकिन कोयला इतना काला होगा, यह पता नहीं था। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 200 से ज्यादा कोयले के खदान बांटे गए। सर, हमारे देश के पास कुल मिला कर 270 बिलियन टन का coal reserve है। यह 200 जगहों पर 49 बिलियन टन बांटा गया। देश के खदान का 20 फीसदी रिजर्व बांटा गया। इसकी आज की कीमत क्या है? अगर average price लगाएंगे, तो 50 लाख करोड़ यानी 1 ट्रिलियन डॉलर्स के खदान का आबंटन हुआ है। उसमें निजी लोगों को 23 बिलियन टन दिया गया है और राज्य सरकारों को यानी उनके कार्पोरेशंस को 26 बिलियन टन दिया है, यानी आधा-आधा दिया गया है। लगभग 25 लाख करोड़ के कोयले के खदान निजी कम्पनियों को दिए गए हैं, जिसके एवज में सरकार को कुछ नहीं मिला है। ये मुफ्त में बांटे गए। वैसे तो सरकार मुफ्त में कोई चीज़ बांटती नहीं। लेकिन जो पैसा सरकारी खजाने में जमा होना चाहिए था, वह नहीं हुआ, यह मुद्दा है। इसलिए इसमें क्या हुआ है, मैं उदाहरण के तौर पर बताता हूं। मैं लम्बा भाषण नहीं करना चाहता। महाराष्ट्र मिनरल कार्पोरेशन, यह तो सरकार की संस्था है। इसको 4 ब्लॉक्स दिए गए। मिनरल कार्पोरेशन खुद खनन करने वाली नहीं थी, क्योंकि इसका नाम तो मिनरल कार्पोरेशन है, उसने 3 ब्लॉक्स में प्राइवेट लोगों के साथ joint venture किया और 750 करोड़ upfront ले लिया। 200 से ज्यादा ब्लॉक्स बांटे गए हैं। इनमें 3 ब्लॉक्स में एक राज्य सरकार का निगम 51 फीसदी मिलिक्यत अपने पास रख कर 750 करोड़ upfront ले रहा है। अगर 200 लोगों को उसी समय यह auction से किया गया होता, तो कितना पैसा मिला होता! Auction के निर्णय में बहुत देरी हुई है। We are too late. इसमें अनेक लोगों ने अभी काम शुरू भी नहीं किया है, जिनके बारे में वर्णन किया गया कि वे post dated cheque लेकर घूम रहे हैं, क्योंकि उनके पास लाइसेंस हैं।

इसलिए मेरी पहली मांग है, जिसको मैं दोहरा रहा हूं, जिसकी अनेक लोगों ने मांग की है कि यह वापस ले लिया जाए। जिन्होंने काम शुरू नहीं किया, ऐसे सारे coal blocks वापस ले लिए जाएं और उनको भी नीलाम किया जाए। इससे सरकारी खजाने में पैसा आएगा। The Government treasury will be full. One trillion dollars of coal was allotted without any credit to the treasury. यह तो windfall है, for the private companies. उनके conditions ऐसे थे कि इसमें कुछ चंद कंपनियां ही बैठेंगी। उसमें coal washeries भी बैठेंगी। बाकी सब जो बताया, वह तो सही है। इसीलिए मैंने amendment दिया है। मैंने इसमें 11(b) introduce करने के लिए कहा है। मैंने यह कहा है, "The old allottees of coal blocks shall be charged at the average price of the different type of

coal through competitive bidding." अभी जो नीलामी होगी, उसमें जो प्रति टन औसत कीमत आएगी, वही average price, जिनको पहले से दिया गया है, उन पर भी charge करना चाहिए, तभी level playing field होगा। अन्यथा जिनको पिछले 4-5-6 सालों से खदान मिला है, उनको तो windfall profit है। उसमें एक अपवाद है। जिन्होंने बिजली के लिए price competition किया है और Ultra Mega Power Project लिया है या दूसरा कोई प्रोजेक्ट लिया है, चूंकि कोयला लगभग मुफ्त मिला है, क्योंकि रॉयल्टी कुछ है ही नहीं, आप रॉयल्टी के लिए 10 फीसदी कीमत भी नहीं ले रहे हैं, जो आज बाजार मे है, इसलिए अगर 2000 का कोयला निकलता है, तो केवल 160-170 रुपए की रॉयल्टी आ जाए।

मेरी दूसरी मांग है कि रॉयल्टी के रेजीम पर भी पुनर्विचार किया जाए। पहले इतनी कम रॉयल्टी इसलिए रखी गई थी, क्योंकि उस समय सभी खदानें सरकार की ही होती थी। जब खदानें ही सरकार की होती थी, तो सरकार कम रॉयल्टी लगाती थी, ताकि उनसे जो मैटल और बाकी प्रोडक्ट्स बनेंगे, वे सस्ते हो जाएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए रॉयल्टी कम थी, लेकिन अब रॉयल्टी कम रखने की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए अब आपको सबके लिए रॉयल्टी का रेट बढ़ाना पड़ेगा। लेकिन जिनको पहले 218 ब्लॉक इंस्टॉल हुए हैं, उनमें से 134, जो निजी कंपनियों को दिए गए हैं और फिर अब जिनको दिए जाएंगे, अगर आपको उनका level playing field तैयार करना है, तो उनसे भी वही कीमत चार्ज की जानी चाहिए। यह अमेंडमेंट इसलिए दिया गया है और मंत्री महोदय को यह करना पड़ेगा। नये खदानों को बेचते समय या एलॉट करते समय जो खुद नीलामी स्वीकार करेंगे कि आगे कोई प्रॉब्लम नहीं आएगी, वह तो ठीक है, लेकिन अगर आप संसद से पूछेंगे, तो सभी हां कहेंगे।

स्क्रीनिंग कमेटी काम कैसे कर रही थी? हमारे सीपीएम के एक मित्र हैं, जो अभी यहां नहीं हैं, लेकिन परसों हमारी Committee on Public Undertakings की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें राष्ट्रीय इस्पात के लोग आए थे। राष्ट्रीय इस्पात ने वहां प्रेजेंटेशन दिया, उनको कोल चाहिए, खदान चाहिए, लेकिन उनको कोल नहीं दिया जा रहा है। जो खदान उनको देते भी हैं, वह इतनी दिक्कत भरी जगह पर होती है कि वहां आप खदान खोद ही नहीं सकते। You cannot mine. ऊपर से रेल जा रही है, बाजू से नदी जा रही है, इसलिए असलियत में वहां खदान खोदना संभव है, लेकिन कागज पर खदान है, इसलिए राष्ट्रीय इस्पात को आप वह खदान एलॉट कर रहे हैं। यह तो सरकार की नीयत पर निर्भर है कि वह इस तरह की बात कर रही है। अभी कोल गैसिफिकेशन के पांच ब्लॉक्स दिए गए, पांचों ब्लॉक्स को सरकारी कंपनियों ने मांगा था, लेकिन उनको नहीं दिया गया, वह ब्लॉक्स निजी कंपनियों को दे दिए गए। सर, यह लूट है। इतना बड़ा स्कैंडल आज तक नहीं हुआ है।

सर, मैं केवल पांच मांगों के साथ अपना भाषण समाप्त करूंगा। मेरी पहली मांग है, पिछले छः साल में, एलॉटमेंट में जो 200 से ज्यादा धांधलियां हुई हैं, निजी कंपनियों को 120 से ज्यादा ब्लॉक्स दिए गए हैं, इस स्क्रीनिंग प्रोसेस पर जेपीसी बैठा कर पूरी जांच होनी चाहिए।

मेरी दूसरी मांग है कि कोल वॉशरीज़ और बाकी कंपनियों ने, जिन्होंने अभी खदान शुरू नहीं किए हैं, उनके ब्लॉक्स वापस लिए जाएं।

मेरी तीसरी मांग है कि रॉयल्टी रेजीम के नियम और दरों में बदलाव किया जाए और उन्हे ठीक किया जाए, ताकि सरकारी खजाने में पैसा आए। मेरी अगली मांग है कि स्टैडिंग कमेटी ने जो कहा है कि transparent auction process होना चाहिए, जो कि बिल में नहीं दिया गया है।

अंत में मैं इतना ही कहूंगा कि मैंने जो सुझाव दिए हैं, उनके ऊपर मुझे जवाब चाहिए। अभी आप दो काम एक साथ कैसे कर सकते है? अभी आप जो नीलामी करेंगे, उनको तो competitive bidding में बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इस तरह एक दर से कोयले की निर्मिति कैसे होगी? इनका कोयला निर्मिति का खर्चा इतना अधिक होगा, मान लीजिए कि 1000 रुपये होगा, लेकिन जिनको आपने पहले खदानें आबंटित की हैं, उनका खर्चा केवल 170 रुपए हो रहा है। इसलिए अभी नीलामी में जो एवरेज प्राइस आएगा, जिनको पहले ब्लॉक्स बांटे गए हैं, उनको भी वही कीमत लगाई जानी चाहिए, मेरी यह विनती स्वीकार की जाए। इन्हीं मांगों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (Bihar): Sir, I would like to say something here.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): All right. You may take two-three minutes.

श्री रवि शंकर प्रसाद : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपका कृतज्ञ हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है।

माननीय मंत्री जी, पहले से इस पर बोलने के लिए मेरा नाम तो नहीं था, लेकिन अभी मैंने कुछ प्रावधानों को पढ़ा और उनको पढ़ने के बाद मेरे मन में कुछ सवाल उठ रहे है, अगर आपके द्वारा इन सवालों का निराकरण होगा, तो बड़ी कृपा होगी।

आपका जो Coal Mine (Nationalisation) Act है, उसके अंतर्गत या तो भारत सरकार या भारत सरकार का कॉर्पोरेशन या कोई ऐसी गवर्नमेंट कंपनी, जिसका कोल माइनिंग के मैमोरेंडम में प्रावधान है, माइनिंग कर सकते हैं।

आपके एक नोटिफिकेशन के माध्यम से यह निर्णय किया था कि आप captive mine कब देंगे। आपने पावर, स्टील इत्यादि को एक कोर सेक्टर बनाकर रखा हुआ था, नोटिफिकेशन करके। मुझे इस एक्ट में और Coal Mines (Nationalisation) Act में थोड़ा-सा अंतर्विरोध दिखाई पड़ रहा है। मैं चाहूंगा कि अगर आप उसे स्पष्ट करेंगे तो बड़ी कृपा होगी।

आज की तारीख में आप Coal Mines (Nationalisation) Act के अंतर्गत जब किसी को माइनिंग के लिए दिया करते थे, तो माइनिंग की प्रक्रिया किस प्रकार से होगी, वह Mines and Minerals Development Act के अंतर्गत होता था, लेकिन power to allot आप Coal Mines (Nationalisation) Act के अंतर्गत exercise किया करते थे। आपने Coal Mines (Nationalisation) Act में कोई परिवर्तन करने का निर्णय नहीं किया है। आपको मालूम है कि काफी पहले स्टैंडिंग कमेटी की एक अनुशंसा भी आई थी कि Coal Mines (Nationalisation) Act में यह संशोधन किया जाए कि उसमें प्राइवेट कम्पनीज़, जो core sector में काम करना चाहती है, उनको coal mining और reconnaissance की अनुमति दी जाए। इस पर बहुत चर्चा हुई थी। आपने Coal Mines (Nationalisation) Act में परिवर्तन की अनुशंसा नहीं मानी और आप Mines and Minerals Development Act में परिवर्तन करके इस बात का प्रावधान कर रहे हैं कि प्राइवेट कम्पनीज़, जो लोहा बनाती है, जो power sector में है और जो coal washing में हैं, उनको आप reconnaissance permit या mining lease देंगे। यह आप उनको bidding auctions से देंगे, जिसके बारे में अभी प्रकाश जावडेकर जी ने कुछ बातें कहीं। उसमें transparency की व्यवस्था क्या होगी, यह आप बताएंगे। लेकिन, इन दोनों कानूनों में एक अंतर्विरोध दिखाई पड़ रहा है, जिसके लिए मैंने इस विषय को उठाया है। The Coal Mines (Nationalisation) Act does not permit a private player.

आपको याद होगा कि आपने एक रास्ता निकाला था 1999 में, 2001 में और 2005 में, जिसमें आपने प्रदेशों को कहा था कि आपकी जो mining corporations हैं, अगर वे कोल की mining lease देंगी तो हम दे देंगे और अगर वे चाहें तो private sector के साथ MOU कर सकती हैं। राज्यों को भी आपने यह कहा था कि उनकी जो

Government mining corporations है वे ही coal mines ले सकती हैं। अगर यह पाबंदी आपके Coal Mines (Nationalisation) Act में अभी भी है, तो इसका मतलब है कि आप इसमें private players को परमिट कर रहे हैं। इस तरह इन दोनों में थोड़ा अंतर्विरोध हो रहा है। जहां तक मेरी जानकारी है, अभी भी कोल की माइनिंग के संबंध में Section 3 of the Coal Mines (Nationalisation) Act प्रभावी है। यह जो Mines and Minerals Development Act है वह एक general Act है और यह सब में लागू होता है, लेकिन जहां तक कोयला का सवाल है, that is governed by the Coal Mines (Nationalisation) Act and under the Coal Mines (Nationalisation) Act, 1973, there is no provision for any private sector to get a coal mine in terms of Sector 3. ये जो दोनों अंतर्विरोध हैं, इनको आप कैसे स्पष्ट करेंगे? माननीय मंत्री जी, हम आपसे इसका उत्तर जानना चाहेंगे। धन्यवाद।

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री और सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीप्रकाश जायसवाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मुझे खुशी है कि The Mines and Minerals Development and Regulation) Amendment Bill पर हमारी राज्य सभा के लगभग सारे दलों के सम्मानित सदस्यों ने सिद्धांत रूप में सहमति व्यक्त की है। उन्होंने छोटे-छोटे संशोधनों को हमारी सामने परस्त किया, सदन में प्रस्तुत किया। स्वाभाविक है कि प्रत्येक माननीय सदस्य अपने-अपने angle से और अपने-अपने चिंतन के अनुसार यह चाहते हैं कि जब यह amendment हो ही रहा है तो यह भी हो जाए। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं।

माननीय अहलुवालिया जी, आदरणीय आर.सी. सिंह जी, परवेज़ हाशमी साहब, राजीव प्रताप रूडी जी, तपन कुमार सेन जी, के.पी. रामालिंगम जी, श्री प्यारीमोहन महापात्र, श्री एम.वी. मैसूरा रेड्डी, प्रकाश जावडेकर जी ने अपनी बातें कही हैं और अन्त में हमारे पूर्व कोयला मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद ने हमें वैधानिक बातें बतलायी हैं। मैं उनकी तरह वकील तो नहीं हूं कि विधान और संविधान की व्यापक व्याख्या कर सकूं, लेकिन मैं इतनी व्याख्या जरूर कर सकता हूं कि जो कुछ भी किया जा रहा है, वह हमारे जेठमलानी जी सरीखे किसी बड़े कानूनविद् की राय से ही किया जा रहा है। इस संशोधन के माध्यम से हम जो कुछ करना चाहते हैं, उसका सबसे बड़ा पहलु यह है कि हम पूरी पारदर्शिता के साथ कोल ब्लॉक्स का अलॉटमेंट करना चाहते हैं। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि इसमें गवर्नमेंट रूट को अलग कर दिया गया है। मेरा उनसे इतना ही अनुरोध है कि क्या राज्य सरकारें भी बिल्डिंग प्रोसैस के माध्यम से आएंगी? क्या पीएसयूज़ की बिडिंग प्रोसैस के माध्यम से ही आएंगे? उनके लिए तो पृथक व्यवस्था करनी ही पड़ेगी यह कहना कि राज्य सरकारों के लिए जो अलग चैनल खोला गया है, गवर्नमेंट रूट के लिए जो अलग चैनल खोला गया है, वह चैनल भी नहीं खोला जाना चाहिए, मैं नहीं समझता हूं कि यह कोई उचित बात होगी।

माननीय प्रकाश जावडेकर जी ने बड़ी तगड़ी पेनल्टी इम्पोज़ करने की वकालत की है कि जिन लोगों को पहले ब्लॉक्स दिये गये थे, अब वर्तमान समय में बिडिंग प्रोसेस के माध्यम से ब्लॉक की जो कीमत आये, उसको उन अलॉटीज पर भी इम्पोज किया जाए, जिनको पहले कोल ब्लॉक्स अलॉट किये गये थे। जावडेकर जी, ऐसा संभव नहीं होगा। सिद्धांत रूप से हमारे दिल में कहीं न कहीं यह दर्द है, जो आपके दिल में है कि वे मुफ्त में ब्लॉक ले गये। अगर अब इस प्रक्रिया को शुरू किया जायेगा तो 10-20 साल, रवि शंकर प्रसाद जी जैसे वकील पूरे देश में उपलब्ध हैं, ये सारी चीजें फिर से कोर्ट में लटक जाएंगी। ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : ये लटका भी देंगे। ...**(व्यवधान)**...

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : ये लटका भी देंगे। सदन के बाहर ये यही करते भी हैं।

श्री रवि शंकर प्रसाद : आपके जैसे मंत्री अगर ऐसे आदेश पारित करेंगे तो समस्या जरूर होगी। देश में यह भी तो अधिकार है। ...**(व्यवधान)**...

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : आपको तो पूरा अधिकार है। मेरा इस सदन से एक ही अनुरोध है कि जैसे-जैसे समय बीतता है, एक कानून बनाया जाता है और उस कानून को इम्पोज किया जाता है। जब देश की पावर रिक्वायरमेंट तेजी के साथ बढ़ रही थी और तत्कालीन सरकारों के पास कोई विकल्प नहीं था कि हम कोयले से ही पावर का उत्पादन करें तो उन्होंने यह सोचा कि क्यों न हम इसमें प्राईवेट प्लेयर्स को भी उतारें, जो जल्दी से जल्दी कोल माइनिंग करके हमारे देश की कोयले की कमी को पूरा करें। इसी उद्देश्य से कोल ब्लॉक्स आबंटित भी किये गये। इसके लिए कोल सेक्रैट्री की अध्यक्षता में बाकायदा एक कमेटी बनायी गई, जिसमें बहुत सारी मिनिस्ट्रीज़ के आफिसर्स शामिल किये गये। उन लोगों ने कोल ब्लॉक्स का आबंटन किया। आबंटन करने के बाद जब 7-8 साल लग रहे हैं और केवल 10 से 20 परसेंट कोल ब्लॉक्स ही उत्पादन में आ पाये तब यह प्रश्न उठा कि क्या कारण है कि इन ब्लॉक्स का उत्पादन तेजी के साथ नहीं बढ़ पा रहा है? मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आधे से ज्यादा कारण हमारे देश की बदलती हुई परिस्थितियां हैं।

किसी ज़माने में land acquisition करना आसान हुआ करता था, लेकिन आज के युग में land acquisition करना कोई साधारण काम नहीं है। Land acquisition के अलावा किसी ज़माने में forestry clearance, environmental clearance उतना difficult नहीं होता था, जितना difficult आज के ज़माने में है। मैं मानता हूं कि

यह difficult होना भी चाहिए। हमारा काम है कि हम ज्यादा से ज्यादा coal की mining करें और Ministry of Environment का काम है कि वह ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण पर्यावरण की रक्षा करें। मैं इसको गलत कतई नही मानता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस सारी प्रक्रिया में 5 से 7 वर्षो का समय लगता है। अभी हमारे बहुत से माननीय सदस्यों ने काह कि 7 साल हो गए हैं, 6 साल हो गए हैं, 5 साल हो गए हैं, लेकिन उन coal blocks में अभी तक production शुरू नही हुआ है। यह लंबी प्रक्रिया है और लंबे समय में ही इन coal blocks में production शुरू हो सकता है, फिर भी ऐसे बहुत से लोग चिन्हित किए जा रहे हैं, जिन्होंने इन coal blocks को किसी जमीन-ज़ायदाद की तरह आबंटित कराया है और अब वे इसे नही चाहते है। उनकी मंशा ठीक नहीं है, उनकी नीयत ठीक नही है। इसी वजह से भारत सरकार को मजबूर होकर यह अमेंडमेंट लाना पड़ रहा है। हम genuine players को लाना चाहते हैं। हम प्राइवेट सैक्टर का उपयोग तो करना चाहते हैं, लेकिन जो genuine private players हों, उन्ही को हम लाना चाहते है। जो bidding process के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पैसा लगाएगा, उसको हमें genuine ही मानना चाहिए। जब तक यूं ही मिल रहे थे, तब तक genuine भी आए और false भी आए, लेकिन अब जब पैसे के माध्यम से मिलेंगे, bidding के माध्यम से मिलेंगे, तो मैं समझता हूं कि इसमें ज्यादा से ज्यादा genuine लोग ही आएंगे, false की गुंजाइश नहीं होगी।

श्री आर.सी. सिंह : करीब-करीब 100 से ज्यादा coal blocks, पिछले 5 सालों से ज्यादा समय से बैठे हुए हैं, उनके लिए तो मंत्री महोदय ने कुछ नही कहा है।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : मैंने आपको सारी बातें बताई है और जो स्पष्ट करना रह गया है, वह भी मै बताऊंगा। मैंने कहा कि यह प्रक्रिया 3 साल से लेकर 7 साल तक की है, लेकिन मैं इस बात से इंकार नही करता हूं कि कुछ लोगों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जैसा मैंने अभी स्पष्ट रूप में कह दिया है कि उन्होंने जमीन-जायदाद की तरह उसका आबंटन करा लिया और लेकर बैठे हैं। ऐसे लोगों का मुकाबला करने के लिए ही यह अमेंडमेंट लाया जा रहा है कि आखिर इसका तरीका क्या है - कैसे हम private players का भी सदुपयोग करें, कोयले का उत्पादन भी बढ़ाएं, राज्य सरकारों और PSUs को इस bidding process में न लाएं, उन्हें सीधा आबंटन करें और देश की कोयले की कमी को भी पूरा करें। हमारा उद्देश्य यही है और इसी उद्देश्य की वजह से लगभग सारे राजनीतिक दलों ने सिद्धांत रूप में इस अमेंडमेंट का स्वागत किया है।

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Are you going to de-notify those who are not mining since last ten or fifteen years after getting the block? This is not clear in the Bill.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : एक साल पहले मैंने अपनी मिनिस्ट्री में एक कमेटी बनाई थी, जो जितने भी coal blocks आबंटित किए गए हैं, उनका बड़ी बारीकी से अध्ययन कर रही है कि कौन से coal block holders ऐसे हैं, जो forestry clearance न मिलने के कारण उत्पादन शुरू नहीं कर पाए हैं, कौन से coal block holders ऐसे हैं, जो environmental clearance न मिलने की वजह से production शुरू नहीं कर पाए हैं, कौन से coal block holders ऐसे हैं, जो land acquisition न हो पाने के कारण production शुरू नही कर पाए है, कौन से coal block holders ऐसे है, जो वास्तव में किसी genuine कारण की वजह से production शुरू नहीं कर पाए हैं?

मैंने उसका आकलन करके आपको बताया कि लगभग 25 से लेकर 30 परसेंट तक कोल ब्लॉक होल्डर्स ऐसे हैं, जिनको हम false मानते हैं। लेकिन हम अध्ययन बहुत बारीकी के साथ कर रहे हैं ताकि जल्दबाजी में हम कोई काम न करें, जिससे माननीय रवि शंकर प्रसाद जी जैसे वकील हमारे द्वारा किए गए फैसले को 10-20 साल के लिए कोर्ट में अटका दें, इसलिए हम जल्दबाजी में कोई काम नही करना चाहते हैं। लेकिन हमने दस कोल ब्लॉक्स रद्द भी किए हैं। जो सरसरी तौर पर समझ में आए ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : दस नही आठ।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : दस रद्द किए गए थे, बाद में फिर दो और दिए गए थे। जो सरसरी तौर पर नजर आए, उन कोल ब्लॉक्स को रद्द करने की प्रक्रिया जारी है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले समय में जो false कोल ब्लॉक होल्डर्स हैं, उनको चिन्हित करने के बाद हम ऐसे ब्लॉकों को रद्द करने की पूरी कोशिश करेंगे। जावडेकर जी, हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं, आपकी भावनाओं से हम सिद्धांत रूप से सहमत हैं, आप जो कहना चाहते हैं, हम भी उसको महसूस करते हैं, लेकिन हमारे देश में डेमोक्रेसी है, हम नही चाहते हैं कि यह प्रक्रिया लंबे समय तक लटक जाए। लेकिन हम आपको यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमारी कोशिश यह होगी कि ज्यादातर फर्जी लोगों के कोल ब्लॉक्स को हम रद्द कर दें।

कोल सैक्टर के इतिहास के बारे में मैं आपको थोड़ा बताना चाहता हूं कि कुछ आयरन और स्टील producers के कोल माइन्स को छोड़कर देश में अधिकांश मेजर कोल माइन्स का राष्ट्रीयकरण 1972-73 में हुआ था। 1976 में 'Coal Mines Nationalisation Amendment Act, 1976' अस्तित्व में आने के बाद आयरन और स्टील

procducers के कोल माइन्स को छोड़कर अन्य सभी प्राइवेट लीज होल्डर्स के माइनिंग लीजेज़ को टरमिनेट कर दिया गया था। जून, 1993 में Coal Mines Nationalisation Amendment Act, 1993 पारित किया गया, जिसके अंतर्गत आयरन और स्टील producers के अलावा पावर जेनरेशन और कोल माइनिंग करने की स्वीकृति दी गई थी। पुनः इसी एक्ट में सीमेंट producers को भी end users मानते हुए कैप्टिव कोल माइनिंग के लिए प्रावधान को 15 मार्च, 1996 को notify किया गया। इसके बाद कोल गैसिफिकेशन, underground and surface both, के माध्यम से सिमगैस का उत्पादन और coal liquefaction को भी end users मानते हुए कैप्टिव कोल माइनिंग के लिए प्रावधान को 12 जुलाई, 2007 को notify किया गया।

मैं यहां स्पष्ट करना चाहूंगा कि वर्तमान बिल के माध्यम से कोल सैक्टर का privatisation करने का कोई इरादा नही है। कुछ माननीय सदस्य और हमारे वामपंथी साथियों को शायद यह भय लग रहा था कि हम इसको privatise करना चाहते हैं। इसको privatise करने का कोई इरादा नही है। कोल इंडिया तेजी के साथ flourish करेगी, निवेली लिग्नाइट तेजी के साथ flourish करेगी और हम कोल इंडिया, सिंग्रेली और निवेली लिग्नाइट को भारी मदद देंगे। ये कंपनियां हमारे देश की सर्वोत्तम कंपनियों के रूप में उभरें, हमारा यह प्रयास होगा। लेकिन आज की कोल requirement को देखते हुए हम genuine private players को जरूर आमंत्रित करना चाहेंगे। अगर हम अपनी ग्रोथ को, देश की ग्रोथ को दस परसेंट की दर पर ले जाना चाहते हैं, तो तेजी के साथ industrialization करना होगा और अगर तेजी के साथ industrialization करना चाहते हैं, तो आज की तारीख में कोल सबसे बड़ा factor है, जिसका उत्पादन हमें ज्यादा से ज्यादा करना होगा और उसी का प्रयास कोल मिनिस्ट्री कर रही है। उसी प्रयास की एक कड़ी के रूप में हम इस amendment को भी लेकर आए हैं। इसके माध्यम से देश में कोयले की उपलब्धि बढ़ाने, growing coal demand को पूरा करने के लिए transparent manner में कैप्टिव माइनिंग के लिए कोल ब्लॉक्स का आबंटन करने के लिए यह बिल प्रस्तुत किया गया है।

Nationalized coal sector देश में कोयले की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए dominant role play करता रहेगा, ऐसा हम आपको आश्वस्त करते हैं। वांछित गति से नए coal mines का विकास करने की क्षमता में कमी तथा इसके लिए त्वरित गति से नई technology, skilled manpower और state of the art equipment प्राप्त करने में लगने वाले लंबे समय को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा captive end user को captive mining के लिए coal blocks आबंटित करने के संबंध में यह पॉलिसी तैयार की गई है।

मैं समझता हूं कि सदन में हमारे कई माननीय सदस्यों ने इस बात की जानकारी दे ही दी है कि 215 coal blocks का आबंटन पहले किया गया था, जिनमें से 10 को निरस्त किया गया और 10 में से 2 coal blocks को ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Minister, how much time will you need?

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सर, 10-15 मिनट ...(**व्यवधान**)... क्या मैं अभी conclude कर दूं? रवि शंकर जी, क्या मैं conclude कर दूं? आप तो तैयार ही हैं। ...(**व्यवधान**)... चलिए, मैं जल्दी conclude करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): People have raised so many points.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): He is answering every question.

SHRI T.K. RANGARAJAN: No. ...*(Interruptions)*...

THE VICE- CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): He is doing that. He has answered in brief.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : चलिए, मैं balance स्थापित करता हूं। सर, टोटल 207 coal blocks adopt किए गए थे। रूडी साहब ने फिगर्स कुछ गलत दिए थे, इसलिए मैं उसको clear करना चाहता हूं, तो Government sector में 96 coal blocks दिए गए थे। शायद उनका कहना था कि 36 या 46 थे, ऐसा कुछ वे बता रहे थे। Private sector में 99 दिए गए थे और UMPP को 12 coal blocks दिए गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री आर.सी. सिंह : आपके तथ्य सटीक नहीं लग रहे हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You have already asked one question.

श्री आर.सी. सिंह : क्योंकि स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग में उन्होंने कहा है कि 138 blocks को हमें रिटर्न कर दिया जाए, कोल इंडिया ने मांगा है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : ठीक है, बैठिए।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : मेरा माननीय सदन से इतना ही अनुरोध है कि एक बात, जिस पर शायद लोगों में अभी भ्रम है, वह मैं जरूर और clear कर देना चाहता हूं कि इस bidding process से, competitive bidding से

प्राप्त प्रीमियम की समस्त धनराशि संबंधित State Governments को दे दी जाएगी। इसका कोई भी अंश भारत सरकार नही लेगी। यह एक सबसे विशेष बात है, जिसकी इस competitive bidding system में व्यवस्था की जा रही है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि power, iron, steel, cement sector से blocks की bidding अलग-अलग कराई जाएगी, ताकि किसी प्रकार का sectoral imbalance न बने। यह हम सदन को आश्वस्त करना चाहते हैं। अलग-अलग bidding से उसी sector में engaged companies में ही competition होगा।

सर, मैं यह समझता हूं कि करीब-करीब सारी आशंकाओं को हल करने की हमने कोशिश की है। माननीय सदन से मैं अनुरोध करता हूं कि इस अमेंडमेंट को सर्वसम्मति से पास करे और हम उम्मीद करते है कि इस अमेंडमेंट के बाद ...**(व्यवधान)**...

SHRI M.V. MYSURA REDDY: Ultra Mega Power Project got licence ...*(Interruptions)*... Again, you allotted the blocks.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सर, UMPP के लिए हमने अलग से व्यवस्था की है, वह हमारे देश के लिए बहुत जरूरी है। ...**(व्यवधान)**...

एक माननीय सदस्य : रॉयल्टी के बारे में कुछ कहिए।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : रॉयल्टी के संबंध में अभी 2010 में ही हमने एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है, जो इस बात का अध्ययन कर रही है कि स्टेट्स को और रॉयल्टी कैसे दी जा सकती है? थोड़ा सा इंतज़ार कीजिए, उस कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद रॉयल्टी के संबंध में शायद आप लोगों को कोई शिकायत न रहे। सर, मै इन्ही शब्दों के साथ आपसे अनुरोध करता हूं कि इसे पास किया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay, Thank you. ...*(Interruptions)*...

No, no. No time is left. ...*(Interruptions)*...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Sir, he has not replied to a very important question which is very relevant to this Bill. The public sector companies are kept outside the competitive bidding. I would given a specific example of Rashtriya Ispat Nigam Limited, Visakhapatnam.

4.00 P.M.

The are knocking from door to door to get captive coking coal blocks and they are given the most uneconomic mines, whereas, the private sector is being allotted the economic mines. ...*(Interruptions)*...

SHRI PYARIMOHAN MOHAPATRA: Sir, the Minister state that the genuine private players come and give proper bids and how bid amounts will be appropriate when they are unsure of crossing the Jairam Ramesh hurdle. That is a big hurdle.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सर, मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आज इस बिल के पास हो जाने के बाद captive coal mining के लिए जो भी पब्लिक सैक्टर की यूनिट्स की हमारे पास applications हैं, उन सबको entertain किया जाएगा।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J.KURIEN): Now, the question is:

That the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2008 be taken into consideration.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill. Clause 2. There is one amendment No. 3 by Shri Prakash Javadekar.

श्री श्रीप्रकाश जावडेकर : सर, मेरे अमेंडमेंट के बारे में जो मैंने सवाल उठाया, उसका तो जवाब दिया ही नहीं है। He has not replied. He said, 'inability'.

वह penalty नही लगा सकते। It is not a matter of penalty. See, you cannot create two distorted regimes wherein one set of people will get the mines by auction and the others who have got it free, they should be charged. I asked Jethmalaniji and he also confirmed because he was referring to his name. It is legally possible. You must assure that you will look into this.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल : सर, मैंने माननीय जावडेकर जी की शंका का समाधान करने की कोशिश की है। जावडेकर जी, यह लीगली possible नहीं है। मैं आपसे यह अनुरोध करता हूं कि इसको आप withdraw कर लीजिए। इसके लिए अगर कोई और विकल्प नजर आएगा तो उस विकल्प को लाने की हम कोशिश करेंगे।